रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 30 जुलाई 2017, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO. 8 : MIDDLE LEFT

एसआरएमएस में छात्रों ने सीखी गणितीय शब्दावली

बरेली | प्रमुख संवाददाता

श्री राममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गणितीय शब्दावली की महत्ता एवं तकनीकी शिक्षा में अनुप्रयोग विषय पर आयोजित इस कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ।

संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में 26 शोध-पत्र विभिन्न शोधार्थियों ने पढ़े। प्रो. गोकुल चन्द्र शर्मा, ने अर्बुद वृद्धि तथा औषधि उपचार का गणितीय प्रतिदर्शनःएक विहगंम दृष्टि विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया एवं अर्बुद की वृद्धि और इसकी रसायन चिकित्सा का उल्लेख करते हुये गणितीय जीवविज्ञान विषय पर प्रकाश डाला। आईआईटी रुड़की की डा. मधु जैन ने औद्योगिक क्षेत्र में मशीनों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा क्यू थ्योरी के बारे में बताया। डीन प्रो. प्रभाकर गुप्ता ने धन्यवाद दिया। संयोजक डा. अंजू खण्डेलवाल रहीं।